# खाटु वाले श्याम बिहारी कलिकाल में तेरी महिमा है न्यारी

खाटु वाले श्याम बिहारी,
कलिकाल में तेरी महिमा है न्यारी,
हारे हुओ का तुम हो सहारा,
कहलाये जग में प्रभु कष्टहारी,
खाटू वाले श्याम बिहारी,
कलिकाल में तेरी महिमा है न्यारी।bd।

---

मैं भी शरण में तुम्हारी पड़ा हूँ,
तारो ना तारो है मर्ज़ी तुम्हारी,
मेरे ह्रदय का अरमान है ये,
निगाहों में बस जाए सूरत तुम्हारी,
खाटू वाले श्याम बिहारी,
कलिकाल में तेरी महिमा है न्यारी।bd।

---

आठों पहर में तुम्हे ही निहारु,
बातें करूँ तो करूँ बस तुम्हारी,
हमें प्रीत तुमसे भई श्याम प्यारे,
तुम्हे प्रीत भायी तो होगी हमारी,
खाटू वाले श्याम बिहारी,
कलिकाल में तेरी महिमा है न्यारी।bd।

---

माया में लिपटे हुए जीव हम है,
दया की नज़र हमपे करना मुरारी,
जब भी जनम लूँ बनु दास तेरा,
सेवा में अपनी लगाना बिहारी,
खाटू वाले श्याम बिहारी,
कलिकाल में तेरी महिमा है न्यारी।bd।

---

'नंदू' ह्रदय कुन्ज से गूँज गूँजे,
श्री राधे श्री राधे श्री राधे प्यारी,
श्री राधे श्री राधे श्री राधे प्यारी,
श्री राधे श्री राधे श्री राधे प्यारी,
खाटु वाले श्याम बिहारी,
कलिकाल में तेरी महिमा है न्यारी।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com